तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 8 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 एसईसीएल कर्मियों को इस बार 1 लाख रुपए बोनस की उम्मीद



## खबर संक्षेप

### रोटरी क्लब व रेडक्रॉस सोसायटी का रक्तदान शिविर कल

**कोरबा।** रोटरी क्लब ऑफ कोरबा एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 9 सितम्बर को कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा में विशाल रक्तदान अभियान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक चलेगा। क्लब अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी ने बताया कि रक्तदान से असंख्य जीवन बचाए जा सकते हैं और यह अभियान जरूरतमंदों की सेवा का माध्यम बनेगा। सचिव रोटे. संतोष जैन ने कहा कि शिविर में आने वाले सभी नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जांच की निःशुल्क सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं कोषाध्यक्ष भूमिका अग्रवाल ने नगरवासियों से बढ़-चढ़कर रक्तदान करने की अपील की। आयोजन का संचालन प्रोजेक्ट डायरेक्टर मनीष अग्रवाल एवं नितेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में होगा।

### शिशु संरक्षण माह 30 तक

**कोरबा।** भारत शासन के दिशा-निर्देशानुसार कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में जिले में शिशु संरक्षण माह विटामिन ए अनुपूरण कार्यक्रम 29 अगस्त से 30 सितम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गतिविधियों सफल संचालन व सेवाओं की प्रदायगी का सुदृढ़किरण किया जाएगा। जिले में शिशु संरक्षरण माह वर्ष में दो बार छः माह के अन्तराल में आयोजित किया जाता है जिसमें प्रत्येक मंगलवार तथा शुक्रवार को समस्त शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के ऑगबाड़ी केन्द्रो/टीकाकरण केन्द्रों में निर्धारित सत्रों में 9 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन "ए" तथा 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आई.एफ.ए.सीरप पिलाया जा रहा है। साथ ही एनीमिया स्क्रीनिंग कि जा रही है , स्तनपान के लाभ से सम्बन्धित जानकारी दिया जा रहा है तथा टीकाकरण से छूटे हुए तथा नियमित टीकाकरण के लक्षित बच्चों को टीके लगाये जा रहे हैं।

### आदि कर्मयोगी अभियानः 17 से चलेगा विशेष सेवा अभियान

**कोरबा।** प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत की थी जिसका उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों के जीवन एवं उनके ग्रामों में प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करना है। यह अभियान बहु विभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लागू किया जा रहा है। इसी के अनुरूप भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा वर्तमान में कैडर आधारित मॉडल के माध्यम से, जो कि भागीदारी योजना निर्माण एवं अंतर विभागीय अभिसरण पर आधारित है 'आदि कर्मयोगी अभियान' का शुभारंभ किया गया है, ताकि उत्तरदायी शासन को संस्थागत रूप दिया जा सके एवं आदिवासी क्षेत्रों में अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित किया जा सके । इस अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विशेष सेवा अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान जनजातीय परिवार के लोगों को मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित करने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित किये जायेंगे। कोरबा जिले में इस अभियान को सफलता पूर्वक संचालित करने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा को जिला नोडल अधिकारी तथा सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को ब्लॉक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। 'आदि कर्मयोगी अभियान' का उद्देश्य जनजातीय अंचलों में सेवा समर्पण और सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तथा जनजातीय परिवारों को मूलभूत सुविधाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित करना है।

# चार दिनों बाद बांगो बांध के सभी गेट किए गए बंद लेकिन अभी भी हाईडल पूरी रफ्तार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में पिछले दिनों लगातार बारिश होने की वजह से बांगो बांध के 8 गेट को खोल दिया गया था। चार दिनों तक लगातार गेट से लगभग 50 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा था। चार दिनों तक गेट खोलने के बाद अब रविवार की सुबह से गेट को पुनः बंद कर दिया गया है लेकिन अभी भी हाइडल प्लांट को पूरे लोड पर संचालित किया जा रहा है और 9 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि बांगो बांध के केचमेंट इलाके में लगातार बारिश होने की वजह से लगभग 15 दिनों तक बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को पूरे लोड पर संचालित किया जा रहा था और 9 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा था। किसी तरह लगभग 15 दिनों तक हाइडल प्लांट के माध्यम से पानी डिस्चार्ज कर पानी को मेंटेन किया जा रहा था लेकिन पिछले चार दिनों पूर्व बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में तेज बारिश होने की वजह से बांध में बहुत तेजी से पानी आने लगा और हाइडल प्लांट को पूरे रोड में चलाने के बाद भी पानी कम होने का नाम नहीं ले रही थी। लगातार बढ़ते वाटर लेवल को देखते हुए जल संसाधन विभाग के अफसर ने 4 सितंबर को बांगो बांध के 4 गेट को खोलकर पानी डिस्चार्ज किया गया लेकिन इसके बाद भी जब वाटर लेवल मेंटेन नहीं हुआ तो पुनः चार गेट को खोलकर कुल 8 गेट से पानी लगातार छोड़ा जा रहा था।

### 4 सितंबर को बांगो बांध के खोले गए थे 8 गेट



#### अभी भी बांध में 88 फीसदी पानी

कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र नीखरा ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को बांध का वाटर लेवल 357.67 मीटर तक पहुँच गया। जलस्तर कम होने के कारण लेवल 357.67 बनाये रखने हेतु मुख्य अभियंता मिनीमाता(हसदेव) बांगो परियोजना बिलासपुर एवं अधीक्षण अभियंता हसदेव परियोजना मंडल रामपुर/कोरबा से चर्चा कर अनुमति प्राप्त कर गेटो को पूरा बन्द कर दिया गया है। वर्तमान में जलविद्युत संयंत्रों की तीन इकाइयाँ पूरी क्षमता से चल रही हैं और 9 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

### दर्ज संख्या 106 से 140 तक प्रधानपाठक सहित 5 शिक्षक होंगे पदस्थ

# मिडिल स्कूल में नए सेटअप के आधार पर हो रही शिक्षकों की पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश के बाद शिक्षा गुणवत्ता के लिए नये सेटअप के आधार पर मिडिल स्कूल में शिक्षकों की पदस्थापना हो रही है। जिसमें छात्र संख्या 106 से 140 तक में प्रधानपाठक सहित 5 शिक्षक पदस्थ किये जाएंगे। इसके आधार पर जिले के सभी स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना किये जाने से मिडिल स्कूल में शिक्षकों की समस्या समाप्त हो गई है।

पूर्व में कई स्कूल विशेषकर ग्रामीण अंचलों के शिक्षकों की कमी से जूझ रहे थे। दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के स्कूलों की स्थिति एकल शिक्षकीय बनी हुई थी। जिनमें प्रायमरी स्कूलों के साथ मिडिल स्कूल भी शामिल थे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जो नया सेटअप मिडिल स्कूल के लिए लाया गया उसके द्वारा पर अब छात्र संख्या 106 से लेकर 140 तक अगर किसी स्कूल में है तो वहां प्रधानपाठक के अलावा चार शिक्षक पदस्थ रहेंगे। पूर्व में जो सेटअप था उसके आधार पर प्रधानपाठक के अलावा पांच शिक्षक की पदस्थापना मिडिल स्कूल के लिए आवश्यक की गई थी। इसका यह परिणाम निकला की शहरी क्षेत्र के मिडिल स्कूल में शिक्षकों की संख्या छात्र संख्या से अधिक हो गई थी और कुछ शिक्षकों को गैर शिक्षकीय कार्यों में ही लगाया जाता था। नया सेटअप आने के बाद से मिडिल स्कूलों में प्रधानपाठक के अलावा चार शिक्षक पदस्थापना अनिवार्य किये जाने से ऐसे ग्रामीण अंचल के मिडिल स्कूल जो कभी शिक्षकों की बाट जोहते थे अब वहां सेटअप के आधार पर शिक्षकों की पदस्थापना हो गई है।

#### मानदेय शिक्षकों की पदस्थापना से सेटअप हुआ पूरा

मानदेय शिक्षकों की पदस्थापना के बाद ही प्रायमरी से लेकर मिडिल स्कूल तक में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी सेटअप पूरा हो सका है। वर्तमान में जिन दूरस्थ वनांचल स्कूलों में शिक्षक एलबी ही पदस्थ थे और सेटअप के आधार पर शिक्षकों की कमी बनी हुई थी उन स्कूलों में मानदेय शिक्षकों की पदस्थापना से शिक्षकों की कमी पूरी तो हुई है वहीं दूसरी ओर शहरी क्षेत्र के स्कूलों में सेटअप से अधिक शिक्षक पदस्थ थे वैसे स्कूलों से शिक्षकों को स्थानांतरित कर ग्रामीण अंचल के स्कूलों में पदस्थ किये जाने के बाद शिक्षकों की कमी पूरी हो गई है।

#### अब 35 छात्रों में एक शिक्षक रहेंगे पदस्थ

वर्तमान में सेटअप के आधार पर 35 छात्रों में एक शिक्षक की पदस्थापना होगी। अगर कहीं छात्रों की संख्या 140 से अधिक है वहां सेटअप के आधार पर 35 छात्र के अनुपात में एक अतिरिक्त शिक्षक की पदस्थापना का प्रावधान रखा गया है। नये सेटअप से पूर्व जिन स्कूलों में दर्ज संख्या 106 या उससे कम है वहां प्रधानपाठक के अलावा 3 शिक्षक की पदस्थापना का प्रावधान था जिसे बदल दिया गया है।

# धारदार नुकीले वस्तु से युवक पर जानलेवा हमला, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घर के बाहर कुछ युवकों के बीच कहासुनी हो रही थी। देखते-देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट की स्थिति बन गई थी। घर के बाहर हंगामा होता देख एक युवक मौके पर पहुंचा तो युवकों ने उसके साथ ही मारपीट शुरू कर दी और किसी नुकीले धारदार हथियार से उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसे सिर में गंभीर चोट लगी है। युवक की लिखित शिकायत पर पुलिस ने हमलावर युवकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र के पंपहाउस बस्ती की है। यहां निवासरत प्रीतम सोनवानी ने चौकी में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई है कि इस बस्ती में निवासरत रोशन उर्फ नौटंकी नामक युवक ने उसके ऊपर किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया है जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई है। प्रीतम सोनवानी की लिखित शिकायत पर पुलिस ने रोशन उर्फ नौटंकी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा का एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला आज

**कोरबा।** भाजपा जिला कार्यालय टीपी नगर में प्रदेश संगठन के अनुसार 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में भाजपा द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह कार्यशाला 8 सितंबर को दोपहर 3 बजे आयोजित की गई हैं। कार्यशाला में मुख्य वक्ता बेलतरा के पूर्व विधायक रजनीश सिंह व केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन जिला संगठन प्रभारी गोपाल साहू व संयोजक डॉ.राजीव सिंह उपस्थित रहेंगे।

# दीपका खदान के एमटीके 2 में हाजिरी प्रक्रिया को लेकर बनी संशय की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




एसईसीएल दीपका क्षेत्र के एमटीके 2 में हाजिरी प्रक्रिया को लेकर बीते कुछ दिनों से कर्मचारियों में चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां बीते कुछ दिनों से प्रबंधन द्वारा एमआर और डीआर कर्मचारियों की हाजिरी एक केबलमैन से लगवाई जा रही है।

**खास बात**

- केबल मेन से एमआर और डीआर कर्मियों की लगवायी जा रही हाजिरी

कर्मचारियों का कहना है कि इस व्यवस्था को लेकर अब तक कोई आधिकारिक ऑफिस ऑर्डर जारी नहीं हुआ है। यही कारण है कि इसे लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार एमटीके पोस्ट एक सांविधिक पद है, जिस पर कार्य करने के लिए कोल इंडिया के नियमों के मुताबिक 2 ग्रेड क्लर्क होना आवश्यक बताया गया है, लेकिन कर्मचारियों का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति लिपिक नहीं है तो उसका आधिकारिक प्राधिकरण बनाना भी संभव नहीं होता। इस तथ्य को माने तो यह पदस्थापना गलत है मगर अधिकारी अपनी मनमर्जी करने में लगे हुए हैं। दीपका खदान में वर्तमान में कुल 3 एमटीके हैं, जहां लगभग 12 हाजिरी बाबू कार्यरत बताए जाते हैं और हाजिरी की प्रक्रिया किसी अन्य श्रेणी के कर्मचारी से कराए जाने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि यह प्रक्रिया नियमों के विपरीत है और पारदर्शिता पर सवाल उठाती है। गौरतलब है कि इस तरह के कई मामले यहां पर सुचारू रूप से जारी है जो कि बिना किसी नियम के ही जबरन थोप दिया गया है। कर्मचारियों और श्रमिक संगठनों का कहना है कि यदि स्थिति स्पष्ट नहीं की गई तो इसे लेकर असंतोष और बढ़ सकता है।

## विद्युत कंपनी अध्यक्ष फेडरेशन 1 की बैठक कल

**कोरबा।** विद्युत कंपनी के अध्यक्ष डॉ.रोहित यादव को छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 1 के महासचिव आरसी चेट्टी द्वारा दिए गए 7 सूत्रीय ज्ञापन पर उप महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा 9 सितंबर को कंपनी प्रबंधन एवं फेडरेशन पदाधिकारियों की द्विपक्षीय वार्ता आयोजित की गई है। अधिकारी कर्मचारी के हितों से जुड़े बैठक में कंपनी अध्यक्ष डॉ.रोहित यादव के साथ तीनों कंपनियों के प्रबंध निदेशक एवं मानव संसाधन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। उक्त बैठक में कर्मचारियों के पुरानी पेंशन की बहाली, तीनों कंपनियों के मानव संसाधन विभाग के एकीकरण, कैरियर प्रोग्रेशन, पुनर्पदसंरचना, रिक्त पदों पर भर्ती एवं पदोन्नति अहर्ता में शिथिलता प्रदान करने, संविदा लाइन कर्मियों के नियमितीकरण, कार्यालय सहायक श्रेणी 3 कर्मचारियों की पांच वर्ष सेवा आधार पर पदोन्नति, निर्धारित अहर्ता रखने वाले अनेक वर्षों से कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सशर्त डाटा एंट्री ऑपरेटर पद पर नियुक्ति किए जाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# जिले में पीडीएस चावल की गड़बड़ियों में पसान क्षेत्र की दुकानें जांच के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

जिले में पीडीएस दुकानों के चावल में गड़बड़ियों की लगातार मामले सामने आ रहे हैं। जिसका मुद्दा विधानसभा में उठने के बाद बनाई गई जांच कमेटी में इस बात का खुलासा हुआ है कि विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के पसान क्षेत्र की पीडीएस दुकानों में ज्यादा गड़बड़ी हुई है। अकेले कोरबा जिले में 37.276 क्विंटल चावल के गड़बड़ी का मामला सामने आया है।

पीडीएस चावल की गड़बड़ी को लेकर अब सख्ती बरती जा रही है। जिले के पीडीएस दुकानों को लेकर पूर्व में भी शिकायतें हुई थी जिसमें स्थानीय स्तर पर ही जांच हुआ करती थी और प्रकरण रफा दफा हो जाती थी। इस बार विधानसभा में गड़बड़ियों का मुद्दा उठने के बाद पीडीएस दुकानों से पैसे की रिकव्हरी का भी मामला उठा है। जिला प्रशासन ऐसे पीडीएस दुकानों से वसूली की तैयारी में जुट गया है। जिनमें आर्थिक गड़बड़ियां विभाग को भौतिक सत्यापन के दौरान मिली थी। विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के पसान क्षेत्र की पीडीएस दुकानों में चावल वितरण का स्टॉक सत्यापन में नहीं मिला था। बताया जाता है कि पसान क्षेत्र की पीडीएस दुकान में राशनकार्ड में फर्जी नाम चढ़ाकर शासन को चूना लगाया गया है। वितरक के द्वारा किए गए इस गड़बड़ी के जांच के बाद कार्यवाही की तैयारी चल रही है। अकेले कोरबा जिले में 298 पीडीएस दुकानें संदिग्ध के दायरे में है। जिनसे विधानसभा जांच समिति विभाग से जानकारी ले रही है।

#### खाद्य विभाग का तर्क

खाद्यान्न गड़बड़ी के मामले को लेकर खाद्य विभाग के अपने तर्क हैं। उनकी मानें तो एनआईसी ने तकनीकी त्रुटी बताते हुए चावल का समायोजन कर दिया। जबकि आदिवासी जिले को इससे बाहर रखा गया है क्योंकि उनके पास वैकल्पिक व्यवस्था नहीं थी। राशन दुकानों का स्टॉक डेटा खाद्य निरीक्षकों के द्वारा जांचा जाता है। उसके बावजूद गड़बड़ियां सामने आती गई।

### भाद्रपद पूर्णिमा पर मां सर्वमंगला घाट में जुटे पर्यावरण प्रेमी और समाजसेवी

# हसदेव नदी संरक्षण के लिए हुई भव्य आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कोरबा। जिले की जीवनरेखा कही जाने वाली हसदेव नदी के संरक्षण और तट सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से कार्यरत नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा प्रत्येक मास की पूर्णिमा को माँ सर्वमंगला घाट, कोरबा पर हसदेव आरती का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में भाद्रपद पूर्णिमा के पावन अवसर पर 6 सितम्बर को शाम 5 बजे भव्य हसदेव आरती का आयोजन सम्पन्न हुआ। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा रहा, बल्कि लोगों को नदी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रेरणादायक प्रयास भी बना।

इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिष्ठित व्यक्ति यजमान के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पवित्र मुहिम को और बल प्रदान किया। मुख्य यजमान के रूप में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल ने आरती में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि मेरा जन्म ग्राम तरदा में हुआ है। बचपन में मैं हसदेव नदी में घंटों नहाया करता था और उसका जल पीता भी था लेकिन आज स्थिति यह है कि हसदेव नदी का जल इतना प्रदूषित हो गया है कि उसे पीना तो दूर, स्नान करना भी संभव नहीं रह गया है। नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा नदी को निर्मल बनाने का जो प्रयास किया जा रहा है, उसमें भारतीय मजदूर संघ तन, मन और धन से सहयोग करेगा। विशिष्ट यजमान के रूप में अनेक गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इनमें हेमन्त माहुलीकर (प्रदेश महामंत्री, संस्कार भारती, छत्तीसगढ़), नरेश कुमार अग्रवाल (प्रदेश सचिव, भारत विकास परिषद, छत्तीसगढ़), सुश्री जया मिश्रा (प्रदेश प्रभारी, महिला पतंजलि योग समिति, छत्तीसगढ़) और सुश्री ऋतु चौरसिया (प्रदेश मंत्री, भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़) प्रमुख रूप से शामिल रहीं। समिति ने स्पष्ट किया कि आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि हसदेव नदी और अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने तथा जनमानस में जल संरक्षण की चेतना जगाने का प्रयास है। भव्य हसदेव आरती में बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी, युवा और श्रद्धालुजन सपरिवार उपस्थित हुए। सभी ने माँ हसदेव से स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण की कामना की तथा समिति की इस जन-जागरूकता मुहिम का समर्थन किया।

# कांग्रेस कार्यालय में आवश्यक बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कांग्रेस कार्यालय में 8 सितंबर को सुबह 11 बजे आवश्यक बैठक का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया है। जिला शहर अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने बैठक का उद्देश्य बताते हुए कहा कि 9 सितंबर को बिलासपुर मुंगेली नाका स्विमिंग पुल के पास सुबह 11.30 बजे संभागीय स्तर के वोट अधिकार सभा का आयोजन 16 सितंबर को प्रदेश कांग्रेस प्रभारी एआईसीसी महासचिव पूर्व उप मुख्यमंत्री, विधायक राजस्थान सचिन पायलट के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम मसाल यात्रा के सफल आयोजन, कोरबा विधानसभा क्षेत्र के सभी बाजार हॉट में वोट अधिकार कार्यक्रम के तहत जन जागरण अभियान के आयोजन के संबंध में तथा जिला, ब्लॉक, वार्ड कमेटी के गठन बाबत और बस्तर संभाग में अत्याधिक बारिश से आपदा सहयोग को लेकर बैठक आयोजित है। जिला कांग्रेस महिला, कांग्रेस युवा कांग्रेस, इंटक, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, आदिवासी कांग्रेस, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ, पार्षदगण, पूर्व पार्षद, पार्षद प्रत्याशी सहित ब्लॉक, जोन, वार्ड एवं बूथ कमेटी के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

## खबर संक्षेप

### कूलर के करंट से बच्ची की मौत



**बिलासपुर।** कूलर के करंट की चपेट में आने से एक बच्ची की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिम्स चौकी से मिली जानकारी के अनुसार, रतनपुर मोहतराई निवासी अराध्या पाण्डेय पिता उमेश्वर पाण्डेय 10 साल 6 सितंबर की शाम घर के खेलते समय गिर गई। उसका हाथ कूलर में लगने से वह करंट की चपेट में आकर बेहोश हो गई। घरवाले बच्ची को इलाज के लिए सिम्स लेकर आए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### ब्याय फ्रेंड ने गर्लफ्रेंड को पीटा, जुर्म दर्ज



**बिलासपुर।** गाड़ी में जाने के लिए मना करने पर ब्यायफ्रेंड ने गर्लफेंड की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, बलौदाबाजार जिला की रहने वाली एक लड़की विवेकानंद नगर फेस 1 में रहकर इंजीयरिंग की पढ़ाई कर रही है। 6 सितंबर की शाम 6.30 बे मोपका से अपने सहेली के साथ घूमने के लिए मैग्नेटो मॉल गई थी। इसी दौरान उनका दोस्त चांपा बरपाली चौक निवासी अयान अली ने फोन कर मॉल के बाहर मिलने के लिए बुलाया। लड़की बाहर आई तो अयान उन्हें घूमने जाने के लिए गाड़ी में बैठने को बोला। उसने जाने से मना कर दिया। इस पर युवक ने गाली गलौज करते हुए लड़की के साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावर युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### व्यापारी के घर से सोने के जेवरात पार

**बिलासपुर।** व्यापारी के घर से कीमती सोने के जेवरात की चोरी कर ली गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने उनके पुराने नाबालिग नौकर को हिरासत में ले लिया है। उसके मात्र दो सोने की अंगूठी बरामद की गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सिंधी कालोनी कारगिल चौक निवासी व्यापारी किशोर कुमार हासानी पिता गोविंद हासानी के घर से 5 सितंबर को 6 सोने की अंगूठी, एक सोने का हार, 1 लाकेट चोरी हो गए। उन्होंने अपने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला तो उनके दुकान में काम करने वाला पुराना नौकर नाबालिग चोरी करते नजर आया। 6 सितंबर को श्री हासानी ने चोरी की रिपोर्ट पर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने फुटेज के आधार पर नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उससे मात्र दो सोने की अंगूठी बरामद हो पाई है। अन्य कीमती जेवर 4 सोने की अंगूठी, हार, लाकेट बरामद नहीं हुआ है। नाबालिग अन्य जेवरात के संबंध में कुछ नहीं बता रहा है। नाबालिग श्री हासानी के दुकान में नौकरी छोड़ने के बाद वर्तमान में ई रिक्शा चला रहा है और आदतन नशेड़ी है।

### गंगापुर गांव में कुएं में मिला युवक का शव

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस चौकी के गंगापुर निवासी 18 वर्षीय युवक कमल प्रसाद पिता दुर्गा प्रसाद चौधरी का शव रविवार को कुएं में पड़ा हूआ मिला,वह पांच सितम्बर को घर से निकला था,पुलिस ने परिजनों के हवाले बताया कि कमल दो दिनों से घर पर नहीं था,उसकी खोजबीन कर रहे थे तभी उसका शव रविवार को खेत में स्थित कुएं में पड़ा मिला।

### बेटी व पत्नी से मिलकर आए युवक ने लगा ली फांसी

**अम्बिकापुर।** झारखंड अंतर्गत ग्राम गसेलीगंज निवासी अनवर अंसारी (28 वर्ष) शहर में मुर्गा बिक्री करने का काम करता था। बेटी व पत्नी की तबीयत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती कराया था। दोपहर में अस्पताल में दाखिल बेटी व पत्नी से मिलकर घर आया और अज्ञात कारण से फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

---

**10 हजार में सिर्फ 881 परीक्षार्थी पहुंचे** | छग राज्य सहकारी बैंक व जिला सहकारी बैंक के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आयोजित हुई परीक्षा

# 2023 में मंगाया आवेदन, 2025 में ली परीक्षा, 90 फीसदी परीक्षार्थी अनुपस्थित

**बिलासपुर।** व्यापमं ने दो साल पहले वर्ष 2023 में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक अपेक्स और जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के रिक्त 398 पदों पर भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन मंगाए गए, चुनावों के कारण यह परीक्षा नहीं हो सकी, दो साल बाद रविवार को यह परीक्षा आयोजित की गई, 33 केंद्रों में परीक्षा की तैयारी की गई, परन्तु अधिकांश परीक्षा केंद्र खाली रहे, क्योंकि दो साल बाद परीक्षा आयोजित होने के कारण 90 फीसदी परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



रविवार को छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक अपेक्स और जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों में भर्ती परीक्षा का आयोजन शहर के 33 केन्द्रों में किया गया। इस परीक्षा में अभ्यर्थियों की अनुपस्थति ही परीक्षा में चर्चा का विषय बना गया। 9 हजार 928 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए आवेदन दिया था, जिसमें महज 881 परीक्षार्थीयों ने यह परीक्षा दिलवाई। तकरीबन 9.15 प्रतिशत उपस्थिति ही रही, बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा नहीं दिला सके। परीक्षार्थियों ने बताया की 2023 में व्यापमं द्वारा 398 पदों में भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे, जिसके बाद विधानसभा चुनाव होने से परीक्षा टल गई थी। तकरीबन दो साल बाद अचानक 20 दिन पहले नोटिफीकेशन जारी कर परीक्षा ली गई, जिससे बड़ी संख्या में अभ्यर्थी इसमें शामिल नहीं हो सके। परीक्षार्थी अनमोल शर्मा ने बताया की विधानसभा चुनाव इसके बाद लोकसभा और स्थानीय निकाय चुनावों के चलते भर्ती प्रक्रिया पुरे डेढ़ साल टाल दी गई। इस दौरान विभाग ने भर्ती स्थगित करने का फैसला भी लिया था, मगर अंततः व्यापमं ने यह परीक्षा ले ली। लबा इंतजार करते बहुत से आवेदक इसे भुला बैठे, बहुतों को समय पर जानकारी नहीं हो सकी नतीजा बिलासपुर समेत केंद्र बनाये प्रदेश के दूसरे जिलों मे भी उपस्थिति बेहद निराशाजनक रही। इस परीक्षा में सामान्य ज्ञान, छत्तीसगढ,गणित,बैकिंग जैसे विषयों के प्रश्न पूछे गए,यह प्रश्नपत्र परीक्षार्थियों को मॉडरेट लगा,लेकिन गणित और बैकिंग के प्रश्नों ने थोड़ा परेशान जरूर किया।

### इन पदों पर होनी है, भर्ती

परीक्षा के माध्यम से कार्यालय सहायक, सहायक प्रबंधक, सामान्य सहायक, समिति प्रबंधक जैसे पदों पर नियुक्ति की जानी है। रायगढ़, सारंगढ़, जशपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक अपेक्स और जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों में पद भरे जाएंगे।

### छग में सबसे अधिक राजस्व किससे आता जैसे प्रश्न पूछे

व्यापमं की इस परीक्षा में प्रश्नपत्र में छत्तीसगढ सरकार का सबसे अधिक कर किससे आता है, प्रदेश में राष्ट्रीय संस्थान,छग के पारंपरिक आभूषण,रिजर्व बैंक का गठन व सरंचना,भारत में स्थापित पहला सहकारी बैंक कौन सा है,छत्तीसगढ राज्य की कुल जनसंख्या कितनी है,जैसे तमाम प्रश्न पूछे गए।

### कम कटऑफ से चयन होने की संभावन प्रबल

प्रोफेसर आशुतोष बनर्जी ने बताया की बैंक के तीन सौ पदों पर पर निकली भर्ती पर,अभ्यर्थियों ने बहुत कम संख्या में ही परीक्षा दिए हैं,जिन परीक्षार्थियों ने पेपर को अच्छे से हल किया होगा। उनका चयन होने की संभावना अधिक होगी,कम अभ्यर्थी से कटऑफ कम जाएगा और चयन होने की संभावना बढ़ेगी।

---

आईटीबीपी जवानों की पिस्टल, कारतूस चोरी होने का मामला

# 1000 लोगों की चेक की गई चप्पल, तब कहीं पकड़ में आया पिस्टल व कारतूस चोरी करने वाला आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



आरोपियों से जब्त पिस्टल, मोबाइल व अन्य सामान।

ट्रेन से आईटीबीपी जवानों के पिस्टल व कारतूस भरा बैग पार होने के मामले में सीसीटीवी कैमरे में आरोपी का चेहरा स्पष्ट नहीं था, लेकिन उसकी चप्पल स्पष्ट दिखाई दे रही थी, इसलिए जीआरपी ने चोर का चेहरा देखना छोड़ चप्पल देखना शुरू कर दिया। बिलासपुर जीआरपी के जवानों ने रेलवे स्टेशन के आसपास लगभग एक हजार लोगों की चप्पल चेक की, अंत में इसी आधार पर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी से चोरी गई पिस्टल, कारतूस जब्त कर लिया गया है, परन्तु नकदी सिर्फ 700 रुपए मिली है।

- बिलासपुर रेलवे स्टेशन में ट्रेन में पकड़ा गया

जीआरपी के अनुसार आईटीबीपी के सहायक उपनिरीक्षक कटैया थाना बिहिया भोजपुर निवासी योगेन्द्र प्रसाद ओझा पिता देवकांत ओझा 4 सितम्बर को हटिया से दुर्ग के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन के जनरल कोच में अपने तीन साथियों के साथ सफर कर रहे थे। चारों की ड्यूटी डोंगरगढ़ में लगाई गई थी, जिसके लिए चारों को दुर्ग से डोंगरगढ़ तक सफर करना था। देर रात 3 बजे के बाद चारों की आंख लग गई। इस दौरान दो जवानों ने अपने बैग को बर्थ के बीच में रख दिया था, जिसमें 2 नग 9 एमएम आटो पिस्टल 24 कारतूस, 4 नग खाली मैगजीन, 10 हजार रुपए और मोबाइल सहित कपड़े व अन्य दस्तावेज रखे हुए थे। भाटापारा से ट्रेन रवाना होने के बाद जब चारों की आंख खुली तो उन्हें बैग नहीं दिखा। रायपुर स्टेशन से चारों वापस बिलासपुर स्टेशन पहुंचे और आरपीएफ-जीआरपी में इसकी सूचना दी। आईटीबीपी रांची 40वीं बटालियन के चारों जवान में हैड कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह और एएसआई योगेन्द्र प्रसाद ओझा, आरक्षक बुद्धदेव मलिक व राजू साहू था। पिस्टल और कारतूस रखे बैग की चोरी की सूचना मिलते ही आरपीएफ पोस्ट बिलासपुर, टास्क टीम, सीआईबी बिलासपुर, जीआरपी की टीम चांपा से लेकर बिलासपुर और भाटापारा के बीच सतर्क हो गई और सभी जगह बैग की छानबीन करने लगी। सीसी टीवी फुटेज में आरोपी के दिखने के बाद भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने के बाद आईटीबीपी के एक जवान योगेन्द्र प्रसाद ओझा की शिकायत पर जीआरपी ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305 (सी) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर लिया। चार दिन बाद आरोपी ग्राम खम्हरिया भाटापारा ग्रामीण बलौदा बाजार निवासी रंजीत मरकाम पिता रामचरण मरकाम को चप्पल के आधार पर पकड़ा गया है।



जीआरपी की गिरफ्त में आरोपी।

### चप्पल ही देखते रहे जवान

जीआरपी के मुताबिक पिस्टल और कारतूस व अन्य सामान चोरी की शिकायत मिलने के बाद सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया। इसमें एक व्यक्ति गेट नम्बर चार से बाहर निकलते हुए दिखाई दिया था, जिसके चेहरा स्पष्ट नहीं दिखाई दिया। वहीं सीसीटीवी फुटेज में उक्त व्यक्ति के पैर में चप्पल दिखाई दी। इसके आधार पर बिलासपुर रेलवे स्टेशन और आसपास के क्षेत्र में करीब 1000 लोगों के चप्पलों की चेकिंग की, इसी आधार पर आरोपी स्टेशन के बाहर पकड़ में आया।

### आरोपी को पता था जवानों के हैं बैग

आरोपी रंजीत मरकाम ने बताया कि आईटीबीपी के जवान जिस ट्रेन में सफर कर रहे थे। उसी कोच में वह भी था। वह बैग को उठाने से पहले उसने बर्थ में सो रहे, वह बैग उठाकर चला गया। जीआरपी ने आरोपी के निवास भाटापारा में जाकर दबिश दी, जहां पिस्टल, कारतूस, मोबाइल मिले। वहीं 10 हजार रुपए में से केवल 700 रुपए ही जीआरपी के हाथ में आया है।



युवक से मारपीट करते आरोपी।

# गणेश विसर्जन: कई जगहों पर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गणेश विसर्जन के दौरान कई जगहों में युवकों के बीच मारपीट हुई है और धारदार हथियार से हमला किया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, झोपड़ापारा निवासी आकाश यादव पिता परमेश्वर यादव 5 सितंबर की रात 9.30 बजे मोहल्लेवालों के साथ गणेश विसर्जन करने के लिए शारदा मंदिर तालाब गए थे। सभी गाना बजाते नाच रहे थे। इसी दौरान अविनाश सिंह नाचते हुए धक्का मुक्की करने लगा। उन्होंने मना किया तो अविनाश ने गाली गलौज करते हुए उन्हें और उनके दोस्त प्रवीण को धका देकर गिरा दिया और धारदार हथियार से प्रिंस तिवारी पर हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ में चोट आई है। दूसरी घटना में तोरवा क्षेत्र के देवरीखुर्द गदा चौक निवासी रवि नायक पिता स्व. राजेश नायक 5 सितंबर को शाम 6 बजे मोहल्ले के गणेश विसर्जन के लिए धुमाल के साथ नाचते जा रहे थे। रात 9.10 बजे बुटापारा रोड सतीश मिश्रा के दुकान के पास पहुंचे थे। धुमाल वाले को यहीं बजाने को कहे तो धुमाल के मालिक विशालदास महंत बोला यहां नहीं बजाउंगा और गाली देने लगा। मना करने पर उसने मारपीट कर ठोस वस्तु से हमला कर दिया। उनके दोस्त देवेन्द्र वस्त्रकार बीच बचाव करने आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई है।

- चला धारदार हथियार

तीसरी घटना में सरकण्डा क्षेत्र के खमतराई निवासी संजू यादव पिता संतोष कुमार यादव ने रिपोर्ट लिखाई 6 सितंबर को गणेश विसर्जन के बाद मोहल्ले में पड़ोसी विवेक ध्रुव एवं कुछ लोग शाम 6.30 बजे आपस में लड़ रहे थे। उन्होंने विवाद करने से मना किया तो विवेक ध्रुव, दिपेश यादव, बलीराम अपने साथियों के साथ मिलकर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, लाठी से जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने सभी मामलों में हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# गीतांजलि में पकड़ा गया हत्या का आरोपी

**बिलासपुर।** जोन आरपीएफ की टीम ने पुलिस की सूचना मिलने के बाद गीतांजलि एक्सप्रेस में फरार हो रहे हत्या के आरोपी को पकड़कर लोकल पुलिस के सुपुर्द किया है।

जीआरपी के अनुसार रविवार की सुबह 7.13 बजे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रेल श्रीमती श्वेता सिन्हा से आरपीएफ को सूचना मिली कि हत्या का एक आरोपी ट्रेन नम्बर 12860 हावड़ा-मुम्बई गीतांजलि एक्सप्रेस में रायपुर से भागकर पश्चिम दिशा की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही आरपीएफ पोस्ट, टास्क टीम और अपराध गुप्तचर शाखा की टीम ने गीतांजलि एक्सप्रेस के स्टेशन पहुंचने के बाद उसकी जांच की। इस दौरान आरपीएफ को जानकारी मिली कि आरोपी स्टेशन पर उतर गया है। आरोपी की फोटो के आधार पर सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया। फुटेज में आरोपी को ट्रेन नम्बर 07051 चेरापल्ली से रक्सौल एक्सप्रेस के सामने वाले एसएलआर कोच में सवार होते हुए देखा गया, जो दुर्ग की दिशा में जा रही थी। आरपीएफ ने तत्काल दूसरे स्टेशन के आरपीएफ पोस्ट प्रभारियों को सूचना दी। इस दौरान आरोपी को चेरापल्ली स्पेशल से पकड़ा गया। आरोपी रायपुर मंदिर हसौद निवासी करण पोर्ते उर्फ करन पिता कार्तिक पोर्ते 26 साल के खिलाफ धारा 302, 307 मामला दर्ज है। उसने बताया कि उसे 6 सितम्बर शनिवार को उपचार के लिए जेल से एम्स में लाया गया था, जहां से वह जेल प्रहरी को चकमा देकर फरार हो गया था। आरपीएफ ने आरोपी को पकड़कर संबंधित थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

# रेलवे सेन्ट्रल हास्पिटल के एक्स रे विभाग में ताला

**बिलासपुर।** सबसे अधिक लदान और सबसे अधिक राजस्व की कमाई करने वाले रेलवे के केन्द्रीय चिकित्सालय में मरीज अपना एक्सरे कराने पहुंचते हैं तो उन्हें एक्सरे रूम में ताला लगा हुआ मिलता है। वहीं कर्मचारी भी मौके से गायब रहते हैं। इसके परेशान होकर मरीज के परिजन ने डीआरएम और जीएम को ट्वीट कर हास्पिटल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई करने मांग की है।

- महिला कर्मी का नहीं हुआ इलाज, की गई शिकायत




दपूमरे जोन का मुख्यालय बिलासपुर में है। यहां जोन मुख्यालय के साथ बिलासपुर डिवीजन का कार्यालय भी है। जोन होने के कारण बिलासपुर के रेलवे केन्द्रीय चिकित्सालय में उपचार कराने के लिए तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में कार्यरत 45 हजार से अधिक कर्मचारी व उनके परिजन सहित रिटायर्ड कर्मचारी भी आते हैं। रेलवे हास्पिटल की हालत शुरु से ही काफी खराब हो चुकी है। बिलासपुर जोन और डिवीजन पूरे रेलवे में सबसे अधिक माल लदान के साथ राजस्व अर्जित कर रेलवे बोर्ड को प्रदान करती है, लेकिन रेलवे बोर्ड की ओर से बिलासपुर के कर्मचारियों सहित रेलवे चिकित्सालय की स्थिति को सुधारने की तरफ किसी तरह की कोई पहल नहीं की जाती। इसके कारण परेशान दूर-दूर से आने वाले रेल कर्मचारियों के अलावा रिटायर्ड हुए कर्मचारियों को होना पड़ता है। इसी तरह की स्थिति रविवार की सुबह भी एक मरीज के साथ हुई। रायपुर निवासी लखवीर सिंह जेठा की सास रेलवे में हैं। उनका पिछले दिनों एक्सीडेंट होने की वजह से बिलासपुर रेलवे केन्द्रीय चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। कुछ दिन पहले डॉक्टरों ने उनकी सास का एक्सरे कराने कहा था। रविवार को लखवीर सिंह अपनी सास को लेकर केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय में एक्सरे कराने के लिए पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद उन्हें एक्सरे विभाग में ताला लगा हुआ दिखा। वहीं कोई भी स्टाफ मौके पर मौजूद नही था। उन्होंने रिस्पेशन में जाकर इसकी पूछताछ की तो जानकारी मिली कि सब एक साथ नाश्ता करने के लिए गए हुए हैं।

# शराब के लिए पैसा नहीं देने पर युवक से मारपीट

**बिलासपुर।** रास्ता रोककर शराब के लिए पैसा नहीं देने से युवक के साथ मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, उसलापुर अल्का एवेन्यू निवासी हिमांशु कश्यप 6 सितंबर की रात 10.30 बजे कुदूदण्ड एसबीटी कालेज के पास से दो दोस्तों के साथ जा रहे थे। तुलजा भवानी कुदूदण्ड के पास अमन गुप्ता उन्हें रोककर ज्यादा उड़ रहा है कहते हुए गाली गलौज कर शराब पीने के लिए 1 हजार रुपए की मांग की। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर दिया। बचाव करने के बाद हिमांशु के उंगली व चेहरे में चोट आई है। पुलिस ने हमलावर युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

केस अपडेट की हिस्ट्री, जांच और दवा वितरण को लेकर होगा निरीक्षण

# नाको की टीम 12 को सिम्स एआरटी सेंटर का करेगी निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर। सिम्स मेडिकल कालेज में जल्द ही नेशनल एड्स कंट्रोल आर्गनाइजेशन (नाको) की टीम निरीक्षण के लिए पहुंच सकती है। नाको द्वारा तय गाइड लाइन और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को लेकर टीम निरीक्षण करेगी। निरीक्षण में कितने सदस्य मौजूद रहेगें, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन जिले में जिस तरह से नशे का कारोबार फल फूल रहा है और सिम्स एआरटी सेंटर में लगातार मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है, उससे नाको की टीम का निरीक्षण जरूरी हो चुका है।

नेशनल एड्स कंट्रोल आर्गनाइजेशन की टीम 12 सितंबर को सिम्स पहुंच रही है, दिल्ली हेड क्वाटर्स से मिले आदेश के बाद सिम्स मेडिकल कालेज में चल रहे एआरटी सेंटर का निरीक्षण किया जाएगा। खास बात यह है कि मेडिकल कालेज के रेंज में मुंगेली, केन्द्रीय जेल



में सबसेंटर चलाया जा रहा है। हाल ही में अधिकारियों ने पेंड्रा रोड में भी सबसेंटर खोलने की अनुमति मांगी है। दरअसल सिम्स में पहुंचने वाले एड्स के मरीजों में करीब 40 फीसदी लोग गौरेला पेंड्रा मरवाही के अंतर्गत आते है, इसकी दूरी भी 130 किमी के आसपास है। यहां के मरीजों को एआरटी सेंटर आकर नियमित जांच करना और दवा लेना मुश्किल हो जाता है, जिसका सीधा असर मरीजों की तबीयत पर पड़ रहा है, ऐसे में टीम के निरीक्षण और गाइडलाइन का पालन करते हुए पेंड्रा रोड में भी एआरटी सेंटर खोला जा सकता है।

### जानकारी की जा रही है साझा

बिलासपुर के बाद कोरबा में मेडिकल कालेज खोला गया है, कोरबा क्षेत्र से भी सिम्स आकर लोग एड्स और नशे का इलाज करा रहे हैं, हाल ही में सिम्स एआरटी सेंटर द्वारा केसों को अपडेट कर मरीजों की जानकारी कोरबा मेडिकल कालेज में ट्रांसफार किया जा रहा है। नाको की टीम यहां मौजूद एआरटी सेंटर में जांच और दवा से संबंधित लेखा जोखा की जांच कर सकती है। इसके साथ ही नेशनल पोर्टल में दर्ज मरीज और सेंटर में मौजूद मरीजों के ऑन लाइन डाटा मेंटनेंस, केस हिस्ट्री को लेकर भी टीम का निरीक्षण महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### हर साल होती है जांच

नाको की टीम हर साल जांच करती है, इसमें टीम के द्वारा अपनी गाइडलाइन के अनुसार एआरटी सेंटर के संचालन को लेकर आ रही समस्याओं का निदान करती है। वहीं कई नियमित कार्य की बारीकी से परीक्षण भी करती है।

-डॉ प्रभात श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी, एआरटी सेंटर

### कानफोड़ आवाज में गाना बजाया, जब्त

**बिलासपुर।** गणेश विसर्जन के दौरान कानफोड़ आवाज में गाना बजाने पर पुलिस ने वाहन सहित डीजे जब्त कर संचालक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, 6 सितंबर की रात 10.30 बजे जबड़ापारा के लोगों ने शिकायत की। गणेश विसर्जन के दौरान कानफोड़ आवाज में डीजे बजाया जा रहा है। जिससे आने जाने वाले व आसपास के लोगों को परेशानी हो रही है। पुलिस ने मौके पर जाकर वाहन सहित डीजे जब्त कर संचालक गोड़पारा निवासी विकास यादव पिता हरिशचंद्र यादव पर कार्रवाई की गई है।

# युद्धस्तर पर शुरू हुआ क्षतिग्रस्त गेरसा बांध की मरम्मत का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्राम गेरसा में शनिवार को टूटे सिंचाई बांध की मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अधिकारी युद्धस्तर पर क्षतिग्रस्त बांध की मरम्मत करा रहे हैं। दो दिन के मरम्मत के बाद बांध का बहाव बंद हो गया है। अधिकारी तीन दिनों के भीतर क्षतिग्रस्त बांध की मरम्मत का कार्य पूरा कर लेने का दावा कर रहे हैं।

शनिवार को सुबह ग्राम गेरसा स्थित बांध अचानक फूट गया तथा तेज रफ्तार से बांध का पानी बहने लगा। दिन होने के कारण इसकी सूचना मिलते ही विभाग के अधिकारी तत्काल घटना स्थल पर पहुंच गए तथा पानी का बहाव रोकने के साथ ही बांध की सुरक्षा में जुअ गए। शनिवार को बांध से बह रहे पानी को रोकने में सफलता नहीं मिली तो रविवार को पोकलेन, जेसीबी, दो हाईवा एवं 6 ट्रैक्टर को लगाकर पानी का बहाव रोका गया। विभाग द्वारा दूसरी जगह से मिट्टी मंगाकर बांध की मरम्मत की जा रही है। हादसे से बांध का 8 मीटर हिस्सा बह गया है वहीं पानी के तेज बहाव से बांध के किनारे बड़ा गड्ढा बन गया था। रविवार को बांध से पानी का बहाव रोकने के साथ ही गड्ढे को समतल किया गया। क्षतिग्रस्त बांध में मिट्टी भरने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है तथा लगभग 25 फीसदी हिस्से की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है। रविवार को बांध टूटने से फसल क्षति का आकलन करने राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी पहुंचे थे।

## खबर संक्षेप

### अजय बने भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री



हरदीबाजार। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के द्वारा पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पार्टी का विस्तार करते हुए हरदीबाजार निवासी समाज सेवी अजय कुमार दुबे को भाजपा जिला मंत्री बनाया गया है। अजय दुबे के जिला मंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह र है, इससे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तृतीय वर्ष प्रशिक्षित, पूर्व में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला महाविद्यालयीन कार्य प्रमुख, जिला संपर्क प्रमुख, जिला सेवा प्रमुख, जिला प्रचार प्रमुख एवं सह जिला कार्यवाह जैसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का कुशलता पूर्वक निर्वहन किया है।

### शिक्षा मंत्री से मिले प्रतिनिधि मंडल



भैसमा। ग्राम पंचायत संडैल के उपसरपंच रामकुमार यादव एवं पंच मोहन यादव के द्वारा रिसाली भिलाई दुर्ग में गजेंद्र यादव मंत्री शिक्षा एवं विधि विधाई का स्वागत कार्यक्रम में ग्राम संडैल के हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन हेतु आवेदन देकर चर्चा किया गया।

### तीन बच्चों की मौत पर चेम्बर अध्यक्ष ने जताई शोक संवेदना



कोरबा। जिला पुलिस परिवार के तीन कर्मियों के तीन बच्चों की तालाब में डूब जाने से हुए आकस्मिक असामयिक निधन की खबर से व्यथित जिला चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष योगेश जैन ने अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। चेंबर अध्यक्ष ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए एवं शोकाकुल परिजनों को दुःख की इस घड़ी में सहनशक्ति प्रदान करने की शक्ति देने ईश्वर से प्रार्थना की है।

### सात दिवसीय श्रीमद भागवत गीता ज्ञान का आयोजन 10 से

**खरौद**। श्रीमद भगवत गीता ज्ञान के आध्यत्मिक रहस्यों द्वारा खुशहाल जीवन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय खरौद जरहा पारा द्वारा लक्ष्मणेश्वर मंदिर के सामने 7 दिवसीय श्रीमद भागवत गीता ज्ञान का आयोजन 10 सितंबर से 16 सितंबर तक दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक प्रतिदिन किया जा रहा हैं। प्रवक्ता राजयोगिनी तपस्विनी ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी बिलासपुर द्वारा अपनी सुमधुर आवाज में विशेष पित्रपक्ष में मोक्ष प्राप्ति के उपाय, महात्म गीता सार, कर्म, अकर्म, विकर्म का बोध, परमसत्य का बोध, दिव्य अवतरण विभूति योग आदि विषयों पर स्पष्टीकरण करेंगी। सभी श्रद्धालुगओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने अपील की गई है।

### अग्रसेन जयंती समारोह के मुख्य अतिथि होंगे समाजसेवी बसंत

**चांपा**। स्थानीय अग्रवाल सेवा संघ द्वारा आगामी 22 सितंबर को मनाये जाने वाले अग्रसेन जयंती समारोह 2025 के मुख्य अतिथि रायपुर निवासी सुप्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी बसंत अग्रवाल होंगे। यह जानकारी देते हुए संघ के सचिव अखिलेश मोदी ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए उन्हें निमंत्रित किये जाने पर उन्होंने सहमति प्रदान कर दी है।

### संकुल केंद्र मेहंदी में शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

**राहौद**। संकुल केंद्र मेहंदी के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला इंदिरा आवास बारगां, गुडीपारा मेहंदी हरदीपारा मेहंदी,सड़क पारा मेंहदी क्रमांक एक क्रमांक 2 मेहंदी एवं शासकीय हाई स्कूल मेंहदी मैं शिक्षक सम्मान कार्यक्रम रथराम जांगड़े अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के तैल चित्र में धूप दीप प्रज्वलित कर किया गया, तत्पश्चात केक काटकर खुशियां मनाई गई। स्कूली बच्चों ने गुरु महिमा का बखान कर अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना को व्यक्त किया, सभी गुरुओं ने अपने प्यारे विद्यार्थियों के लिए आशीर्वचन के दो शब्द कहे और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अंत में संस्था प्रमुखों संतोष अनंत एवं घनश्याम देवांगन ने आए हुए अतिथियों और गुरु परंपरा को कायम रखने के सफल आयोजन के लिए सभी विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी सम्मानित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं इंदिरा गांधी कला विज्ञान शिक्षा महाविद्यालय के फाइनल ईयर के छात्र अध्यापकगण भी उपस्थित थे ।

## शिक्षक दिवस पर स्कूल एवं सामाजिक संगठनों ने आयोजित किए कार्यक्रम

# शिक्षक दिखाते हैं जीवन में सही मार्ग: अजय



शिक्षकों का सम्मान करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व छात्र परिषद् सरस्वती शिशु मंदिर प्रगतिनगर के अध्यक्ष एवं निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच, अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय संयोजक मनीष अग्रवाल के कुशल संयोजन में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि अजय अग्रवाल एवं गुंजन शुक्ला रहे। श्री अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र के सच्चे निर्माता हैं, जो हमें जीवन का सही मार्ग दिखाते हैं। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि श्री सुरेंद्र राठौर, भरत राम साहू, सुरेंद्र राठौर ने संबोधित किया। इस अवसर पर संयोजक एवं परिषद् अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, प्राचार्य लक्ष्मी नारायण जायसवाल, विकास अग्रवाल, अरुण केडिया, प्रतीक अग्रवाल, बालकिशन अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, प्रधानाचार्य परसराम देवांगन, अशोक चंद्रवंशी, गीताराम देवांगन, ललित तिवारी, मुरारी लाल साहू, दुर्गा प्रसाद नामदेव सहित शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान



कटघोरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत छुईहापारा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय संकुल कटसीरा में शिक्षक दिवस पर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं उपसरपंच तथा विद्यालय परिवार द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरपंच श्रीमती फगुनिया बाई एवं उपसरपंच उषा मनहर तथा समिति अध्यक्ष विजय मनहर द्वारा प्रधानपाठक ब्रम्हानंद राठौर को श्रीफल, पेन एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। साथ शिक्षक श्रीमती गायत्री राजवाड़े, महेंद्र कुमार सिंह, रमाकांत मार्बल एवं शैलेन्द्र राजवाड़े का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में धर्मिन बाई, महेंद्र कुमार सिंह, राजवाड़े, श्री मार्बल एवं सभी छात्र छात्रा, विद्यालय परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 8वीं की छात्रा रिद्धि कश्यप ने किया।

### शिक्षक जीवन का मार्गदर्शक और सच्चा मित्र : नाथ



सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एवं पैरामेडिकल कॉलेज में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक डॉ. शतदल नाथ ने शिक्षक दिवस के महत्व एवं इसके स्वास्थ्य शिक्षा में निहितार्थ पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने जीवन में मार्गदर्शन देने वाले अपने स्कूल, एमबीबीएस, पीजी, पोस्ट-पीजी के शिक्षकों तथा अपनी प्रथम शिक्षिका माता श्रीमती सती नाथ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि कॉलेज में वर्तमान में डिप्लोमा इन मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी (डीएमएलटी), ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन तथा फ्री नर्सिंग असिस्टेंट कोर्स जैसे पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। डॉ. नाथ ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला ही नहीं होता, बल्कि वह जीवन का मार्गदर्शक, प्रेरणा स्रोत और सच्चा मित्र भी होता है। अपने शिक्षकों से प्राप्त ज्ञान को जीवन और सेवा में उतारना ही उनके प्रति सच्चा सम्मान होगा। हम सब मिलकर सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एवं पैरामेडिकल कॉलेज को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे। कार्यक्रम में सिद्धि विनायक टीम के सभी सदस्य पूरे उत्साह एवं समर्पण भाव से शामिल हुए।

### बीकन स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

बीकन स्कूल एसईसीएल कोरबा में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस



अवसर पर प्राचार्य एमबी गाटलिब के द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई तथा कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्र छात्रों के द्वारा शिक्षकों का सम्मान भेंट देकर के किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक घनश्याम पटेल, देवेन्द्र पांडे, परमिता बारीक, एम बारीक, एसके नाडिग, डी सिंग सहित अन्य उपस्थित थे।



## अग्रसेन जयंती के पूर्व चित्रकला, रंगभरो सहित विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महाराज अग्रसेन जयंती के पवान अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता के साथ अग्रवाल सभा के द्वारा अयोजित किया जा गया है। रविवार को श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में रंग भरो प्रतियोगिता वर्ग अ में कक्षा 2 तक बच्चों के लिए जिसमें 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वर्ग ब में कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के बच्चों के लिए जिसमें 27 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, तीन चक्का सायकल रेस प्रतियोगिता 4 वर्ष तक के बालक बालिका के लिए जिसमें 24 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, चित्रकला प्रतियोगिता कक्षा 6 से 8 तक बच्चों के लिए जिसमें 12 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, दी आर्ट ऑफ स्टोन कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक के बालक एवं बालिकाओं के लिए जिसमें 4 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, बैलून इन द हेड प्रतियोगिता सभी के लिए जिसमें 32 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, एक शाम अग्रसेन जी के नाम (फैन्सी ड्रेस )वर्ग अ में केजी 2 तक बालक एवं बालिकाओं के लिए जिसमें 31 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, वर्ग ब में कक्षा 4 तक के बालक एवं बालिकाओं के लिए जिसमें 22 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल सचिव गोपाल अग्रवाल व अग्रबन्धुगण उपस्थित थे। 8 सितम्बर तुलसी पत्तों से माला बनाओं प्रतियोगिता 14 वर्ष के बालिकाओं के लिए दोपहर 3.30 बजे, धार्मिक क्वीज प्रतियोगिता सभी बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए दोपहर 4.30 बजे, रस्सी कूद प्रतियोगिता 14 वर्ष के उपर बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए शाम 5.30 बजे अयोजित होगी।

# सखियों को कृषि और पशुपालन की हो सम्पूर्ण जानकारी : दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहान के तहत ग्रामीण क्षेत्र के गावों में चयनित कृषि सखी और पशु सखी दीदियों को क़ृषि और पशुपालन से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी होना चाहिए। ताकि जिले के ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक गावों में क़ृषि तथा पशुपालन के कारोबार से लोगों की अच्छा आमदनी मिल सके।उक्त बातें ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थाग में आयोजित 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल कृषि सखी और पशु सखी दीदियों को प्रशिक्षण देते हुए जिला पंचायत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के डीएमएम उपेंद्र कुमार दुबे ने ब्यक्त किया।

उन्होंने कृषि सखी और पशु सखी को गांव में किस प्रकार से और किन किन विभाग के साथ मिलकर काम करना है। इस विषय पर बिहान क्रेडर्स को विस्तारपुर्वक जानकारी दिया। इसके साथ ही जिला पंचायत के अधिकारी रेशम लाल नामदेव ने बिहान से सम्बंधित योजनाओं तथा निर्धारित समय सीमा में नियमित रूप से कार्य करने की महत्वपूर्ण जानकारी दिया। संस्थान के निदेशक लक्ष्मीनारायण सिंकू के द्वारा बैंकिंग प्रणाली की सम्पूर्ण जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी जा रहीं है। वहीं फेकेल्टी अरुण कुमार पाण्डेय द्वारा ग्रामीण उद्यमिता विकास के बारे में कई प्रकार की खेल के माध्यम से जानकारी दी जा रहीं है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव द्वारा क़ृषि के अलावा मुर्गी पालन, बकरी पालन, मछली सह बतख पालन, भेड़ पालन, मधुमक्खी पालन, टीकाकरण, जैविक खाद, कीट नाशक दवाई बनाने, बीज उपचार, भूमि उपचार, पैरा उपचार, मिट्टी परीक्षण, किचन गार्डन, पोषण वाटिका, दस्तावेजीकरण करना, प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाना व क़ृषि तथा पशुपालन के क्षेत्र में शासकीय योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी दी जा रहीं है। प्रशिक्षण में सक्ती जिले के जैजैपुर ब्लॉक की ठठारी गांव से पुष्पा चंद्रा, अंजू मैत्री पुटेकेला, राजकुमारी सिदार, संतोषी राज अकलसरा, मनीषा पटेल सोनगुढ़ा,रुखमणि कंवर, पूर्णिमा साहू कोटेतरा,तुलसी बाई कंवर कुधरीटार, कांति राठौर, सुकवारा राठौर लहंगा, शकुंतला साहू, किरण बाई महंत सुंदरेली आदि शामिल हैं। धनेश्वरी साहू, गायत्री साहू मानिकपुर, मंजू यादव चारपारा,कविता कंवर सकरेली खुर्द, सुमन कुमारी कंवर सकरेली खुर्द, ममता भैना उदयभाठा, स्थानीय जिले के बम्हनीडीह ब्लॉक के सिलादेही भुवनेश्वरी श्रीवास, आरती कुर्रे, उषा साहू, प्रेमलता साहू कड़ारी,संध्या टंडन नकटीडीह, शांति जोशी पूनम यादव कपिस्दा, धनेश्वरी साहू, माधुरी साहू सरवानी,बलौदा ब्लॉक के औरई कला से दूरपति बाई केवट, त्रिवेणी बाई पटेल, नवागढ़ ब्लॉक के नेगुरडीह गाँव से उमा कश्यप, बुधवारा भीष्म केरा, शैल कुमारी उदय भाठा, ममता खूंटे, अभिलाषा खुटे करमन्दी,आदि शामिल हैं।

### शोभायात्रा...



दिगंबर जैन मंदिर बुधवारी में चल रहे क्षमा वाणी पर्व के अवसर पर आदिनाथ भगवान महावीर स्वामी की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान आर्यिका रत्न 105 श्री आदर्शमति माता जी, आर्यिका श्री 105 अखंडमति माता जी एवं आर्यिका रत्न श्री 105 अभेदमति माता के सान्निध्य में हुए विशेष आयोजन में शामिल होना अत्यंत प्रेरणादायक रहा।

## न्यूज पेपर एसोसिएशन ने आयोजित किया शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



डिजिटल कार्ड बनाते हुए।

न्यूज पेपर एजेंट एसोसिएशन निहारिका के तत्वाधान में श्रम विभाग के द्वारा घर घर न्यूज पेपर डिलीवरी करने वाले न्यूज बॉय के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा लाभकारी एवं कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी और ईश्रम कार्ड सबंधित जानकारी दी गई। श्रम विभाग कोरबा न्यूज बॉय के लिए ई श्रम कार्ड बनाया गया। लेबर इंस्पेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे द्वारा अधिक से अधिक असंगठित कर्मकारों को राज्य और केंद्रीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इस शिविर में सत्येंद्र वर्मा, कुलदीप कुमार, संदीप केशवानी, पंकज धर दीवान, प्रदीप गुप्ता, आशीष गुप्ता, उमेश गुप्ता, जावेद, रामनारायण यादव, तपेश्वर राठौर, पतरस सिंग, राधे यादव, मनीष कौशिक, राहुल साहू, बबलू, भरत पांडे, लेबर इंस्पेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, पंकज भारद्वाज, महेश राठौर का योगदान रहा।

# बालको नगर में ई-श्रम कार्ड शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



श्रम निरीक्षक का स्वागत करते वितरक संघ के सदस्य।

छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ द्वारा आयोजित एक शिविर में श्रम विभाग ने बालको इकाई ने ई-श्रम कार्ड बनाने के लिए कैंप लगाया। इस शिविर में, अखबार वितरकों ने भाग लिया और अपने ई-श्रम कार्ड बनवाए। ई-श्रम कार्ड एक डिजिटल पहचान पत्र है जो असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को जारी किया जाता है। यह कार्ड श्रमिकों को स्वास्थ्य बीमा, पेंशन, और अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभों तक पहुंचने में मदद करता है। इस शिविर में, छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के पदाधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें प्रदेश संरक्षक पदम सिंह चंदेल, बालको इकाई संरक्षक रेशम साहू, जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, और जिला सचिव जय कुमार नेताम शामिल थे। एनटीपीसी इकाई अध्यक्ष दीपक साहू, एनटीपीसी इकाई सचिव रविंदर बालको इकाई कोषाध्यक्ष राकेश साहू, श्यामू यादव, साहू सुरेश साहू, सिराज खान, धनंजय यादव, कृष्ण यादव, प्रवीण नवीन ने भी शिविर में भाग लिया। इस शिविर के बाद, संघ ने घोषणा की है कि वे जल्द ही सभी इकाइयों में ई-श्रम कार्ड शिविर का आयोजन करेंगे। इस अवसर पर लेबर इंस्पेक्टर सरस्वती बंजारे, दिग्विजय गुरु पच वेलफेयर ऑफिसर ने भी शिविर में भाग लिया और अखबार वितरकों को ई-श्रम कार्ड के लाभों के बारे में जानकारी दी।

# छतदार चबूतरा और सांस्कृतिक मंच निर्माण का भूमि पूजन



**हसौद**। ग्राम पंचायत हसौद में शुक्रवार को छतदार चबूतरा और सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। लगभग 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस निर्माण कार्य की सौगात पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा ने हसौद पंचायत को दी है। तहसील कार्यालय के पीछे बनने वाले इस छतदार चबूतरे और मंच की मांग हसौदवासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक व सार्वजनिक आयोजनों के लिए स्थायी मंच की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए पूर्व विधायक सिन्हा ने डीएमएफ मद से इस कार्य की स्वीकृति दिलाई। भूमि पूजन कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हसौद क्षेत्र के विकास कार्यों में उनकी सदैव प्राथमिकता रही है और भविष्य में भी जनसुविधा से जुड़े कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। भूमि पूजन अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि कैलाश बंजारे, सचिव कृष्णा मनहर, कांग्रेस प्रदेश सचिव सुरेंद्र भार्गव, डॉक्टर कैलाश साहू, गिरधर साहू, जितेंद्र साहू, गणेशाराम जयसवाल, कृष्ण कुमार जायसवाल, मनहरण साहू, जनपद सदस्य सुनील नारंग, शिवम जायसवाल, लखन चंद्रा, बालक राम साहू, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि चबूतरा और सांस्कृतिक मंच का निर्माण होने से गांव में सामूहिक आयोजन, धार्मिक कार्यक्रम और सांस्कृतिक गतिविधियां बेहतर ढंग से संपन्न होंगी।

# आंगनबाड़ी केंद्र रामपुर में आयोजित किया विशेष जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जागरूकता कार्यक्रम में शामिल महिलाएं।

ढेंगुरनाला 2 आंगनवाड़ी केंद्र सेक्टर रामपुर में बुधवार को दस दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत संरक्षण अधिकारी रजनी मारिया द्वारा भ्रूण हत्या निषेध अधिनियम और घरेलू हिंसा एवं महिला उत्पीड़न विषय पर हितग्राहियों को जानकारी दी। साथ ही एचएआरडी संस्था के प्रतिनिधि राहुल साहू द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं मानव तस्करी बाल श्रम के संबंध में जानकारी दिया गया। साथ ही पर्यवेक्षक द्वार पांच प्रकार के भोजन के बारे में जानकारी दिया गया। अंत में सभी के द्वारा बालविवाह मुक्त भारत के संबंध शपथ कराया गया। इस दौरान पर्यवेक्षक श्रीमती प्रियतमा धांधी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं सेक्टर रामपुर परियोजना कोरबा शहर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/ अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पोंड़ी उपरोड़ा, जिला-कोरबा (छ0ग0)**

**//ईश्तहार//**

क्रमांक / 1894 / अविअ/वाचक/2025
पोंडी उपरोड़ा दिनांक 28/08/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक राजेश पिता मदनलाल निवासी सिरकी तहसील पसान जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम सिरकी प.ह.नं. 33 तहसील पसान जिला-कोरबा (छ.ग.) स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 52/3 रकबा 0.057 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 15/09/2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थानः- पोंड़ी उपरोड़ा
दिनांक 28/08/2025

**अनुविभागीय अधिकारी (रा0)**
**पोंड़ी उपरोड़ा, जिला- कोरबा (छ0ग0)**

## खबर संक्षेप



### ऋचा ने को मिला राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में पदक

**रजगामार।** खेल मंत्रालय द्वारा संचालित ओपन स्टेट कराटे चैंपियनशिप में की खिलाडी ऋचा स्वर्णकार द्वारा राज्य स्तरीय कराटे प्रतिस्पर्धा में भाग लिया और बेहतर प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीत जिले का नाम रौशन किया। ट्रेनर दीपक और कराटे कोच सुश्री गीता बरेठ के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त की। उन्होंने कहा कि कॉलेज के शिक्षक प्रो अजय पटेल ने किया प्रोत्साहित लगातार करते रहे और उनका साथ मिलता रहा। ऋचा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, कोच, ट्रेनर, टीचर को दिया।

### आरक्षक सुरेंद्र की हृदयाघात से मौत



**कोरबा।** रविवार की सुबह जिला पुलिस बल में कार्यरत आरक्षक वाहन चालक सुरेंद्र कुमार लहरे का भी लगभग 36 वर्ष की अल्पायु में आकस्मिक निधन हो गया। रक्षित निरीक्षक अनथराम पैकरा ने बताया कि सुरेंद्र लहरे, जो डीएसपी मुख्यालय में वाहन चालक था और सक्ति बाराद्वार निवासी था। अपने परिवार के साथ बालको में रहता था। सुबह लगभग 5 बजे उन्हें अचानक हिचकी और सीने में दर्द हुआ। सूचना मिलने पर डायल 112 की गाड़ी से जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### हरदी बाजार में सुरक्षा के लिए लगाए 10 सीसीटीवी कैमरे

**कोरबा।** एसईसीएल दीपका क्षेत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) मद से परियोजना प्रभावित ग्राम हरदी बाजार में ग्रामीणों, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 10 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए। यह कैमरे दीपका क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा द्वारा ग्राम पंचायत हरदी बाजार के सम्मानीय सदस्यों को प्रदान किए गए। क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि दीपका क्षेत्र कोयला उत्पादन के साथ-साथ आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में सीएसआर के तहत सतत विकास के प्रयास भी करता रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि यह पहल ग्रामीणों की सुरक्षा और सुविधा के लिए की गई है। इस कार्यक्रम में विशेष भूमिका निभाने वाले अजय राठौर (हरदी बाजार) के सहयोग से यह कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए एसईसीएल और अजय राठौर का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का आयोजन दीपका क्षेत्र की क्षेत्रीय सीएसआर समिति के मार्गदर्शन में किया गया।

### चक्रधर समारोह में कथक नृत्यांगना इशिता ने दी प्रस्तुति




**कोरबा।** रायगढ़ में आयोजित 40वां चक्रधर समारोह में 7वे दिन 2 सितंबर को कोरबा की 12 वर्षीय कथक नृत्यांगना ईशिता ने अपने मनमोहक प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया। इशिता कश्यप अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला एवं नृत्य गुरु मोरध्वज वैष्णव की शिष्या है, जो केंद्रीय विद्यालय एनटीपीसी-कोरबा क्रमांक-2 में कक्षा 7वी की छात्रा हैं। चक्रधर समारोह रायगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे प्रति वर्ष गणेश चतुर्थी के अवसर पर आयोजित किया जाता है। यह भव्य समारोह पूरे 10 दिनों तक चलता है और इसमें देश-विदेश के नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देते हैं। इस समारोह की शुरुआत रायगढ़ रियासत के महान शासक, नर्तक एवं संगीतज्ञ महाराजा चक्रधर सिंह की स्मृति में की गई थी। वे स्वयं रायगढ़ घराने के संस्थापक माने जाते हैं और कथक एवं तबला वादन के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

### टीपी नगर में मनाया गया ओणम पर्व

**कोरबा।** टीपी नगर स्थित इंडियन कॉफी हाउस में ओणम पर्व का आयोजन किया गया। यह पर्व दक्षिण भारत की समृद्ध संस्कृति, सभ्यता, और परंपरा का प्रतीक है। इस अवसर पर फूलों की रंगोली बनाई गई और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस उत्सव में उन्नीकृष्णन विनोद वैशाख, राजेश निगल, अरुन विष्णु जरीन, और इंडियन कॉफी हाउस के समस्त स्टाफ ने भाग लिया। ओणम पर्व के अवसर पर लोगों ने नए कपड़े पहने, विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए, और परंपरागत नृत्य और संगीत का आनंद लिया। ओणम पर्व मलयाली कैलेंडर के अनुसार छिंगम महीने में मनाया जाता है, जो आमतौर पर अगस्त-सितंबर में पड़ता है।

दिल्ली में 23 को आयोजित की गई है मानकीकरण समिति की बैठक

# एसईसीएल कर्मियों को इस बार 1 लाख रुपए बोनस की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया एवं अनुषंगी कंपनियों में बोनस भुगतान को लेकर उत्सुकता बढ़ने लगी है। 22 सितंबर को नवरात्र शुरू हो रहा है। बोनस पर निर्णय के लिए इसी दिन दिल्ली में कोल इंडिया मानकीकरण समिति की बैठक होगी। बोनस की बैठक की तिथि पहले से 23 सितंबर तय थी। कर्मचारी परफॉर्मेंस लिंक्ड रिवार्ड के रूप में 1 लाख रूपये से अधिक का बोनस मिलने की आशा कर रहे हैं।

**खास बात**

- बैठक में चर्चा के बाद बोनस निर्धारण को लेकर लगेगी मुहर

पिछले एक दशक में कोल इंडिया में बोनस भुगतान के ट्रेंड पर नजर डालें तो हर साल औसतन पांच हजार रुपए से अधिक की वृद्धि हुई है। पिछले साल कोयला कर्मियों को 93 हजार 750 रुपए बोनस मिला था। यानी इस साल औसत वृद्धि होने पर भी 98 हजार से अधिक बोनस भुगतान संभव है। ट्रेड यूनियन नेताओं ने कहा कि इस बार कोलकर्मियों को दुर्गापूजा के अवसर पर मिलने वाला सालाना बोनस पिछले साल की तुलना में ज्यादा मिलना तय है। मालूम हो कि हर साल बोनस का फैसला जेबीसीसीआई मानकीकरण समिति की बैठक में ही होता आया है। जेबीसीसीआई मानकीकरण समिति की बैठक 22 सितंबर को दिल्ली में कोल इंडिया प्रबंधन ने रखी है, इस बैठक में बोनस पर मुहर लगनी तय है। एसईसीएल में कार्यरत कर्मचारियों के बीच इस समय त्योहारी बोनस को लेकर उत्साह और चर्चा जोरों पर है। कोल इंडिया लिमिटेड और इसकी सहायक कंपनियों में कार्यरत लगभग 2.2 लाख कर्मचारी इस बार दुर्गा पूजा और दशहरा से पहले परफॉर्मेंस लिंक्ड रिवार्ड के रूप में 1 लाख रूपये से अधिक बोनस की उम्मीद कर रहे हैं। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में कोल इंडिया ने 37 हजार 369 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था, जो बोनस की राशि बढ़ाने की मांग को मजबूती प्रदान करता है। यूनियन नेताओं और कर्मचारियों का मानना है कि कंपनी के इस शानदार प्रदर्शन को देखते हुए इस बार बोनस की टाशि में उल्लेखनीय वृद्धि होनी चाहिए।


फाइल फोटो

**बोनस का आर्थिक प्रभाव**

कोल इंडिया हर साल बोनस के लिए लगभग 1 हजार 400 से 1 हजार 875 करोड़ रुपये का बजट आवंटित करती है, जिसमें से झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में कार्यरत कर्मचारियों को बड़ा हिस्सा मिलता है। उदाहरण के लिए एसईसीएल में कार्यरत लगभग 39 हजार कर्मचारियों को पिछले साल बोनस के रूप में 93 हजार 700 रुपये मिले थे। इस बार बोनस की राशि बढ़ने से न केवल कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि स्थानीय बाजारों, विशेष रूप से त्योहारी बाजारों में भी रौनक बढ़ेगी।

**कोयला कर्मचारियों में बढ़ा उत्साह**

हर साल की तरह, इस बार भी एसईसीएल के कर्मचारी दुर्गा पूजा से पहले बोनस की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कोल इंडिया और इसकी सहायक कंपनियां एसईसीएल, ईसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल, डब्ल्यूसीएल, एमसीएल, एनसीएल, एनईसी और सीएमपीडीआई में कार्यरत लगभग 2 लाख 20 हजार कर्मचारियों के लिए यह बोनस न केवल आर्थिक सहायता है, बल्कि त्योहारी मौसम में उनकी खुशियों को दोगुना करने का जरिया भी है।

**बीते वर्ष मिला था 93 हजार 750 रुपए बोनस**

पिछले साल 2024 में कंपनी ने कर्मचारियों को 93 हजार 750 रुपये का बोनस प्रदान किया था, जो 2023 के 85 हजार 500 रूपये की तुलना में 8 हजार 250 रुपये अधिक था। इस बार कर्मचारी और यूनियनें उम्मीद कर रही हैं कि बोनस की राशि 1 लाख रूपये से अधिक होगी। कुछ यूनियन नेताओं ने तो 1.5 लाख रूपये तक की मांग रखी है, हालांकि प्रबंधन और यूनियनों के बीच अंतिम राशि पर सहमति बैठक में ही तय होगी।

**एकजुट होकर मांग को मजबूती**

श्रमिक संगठनों ने इस बार एकजुट होकर प्रबंधन पर दबाव बनाने की रणनीति बनाई है। यूनियन नेताओं का कहना है कि संस्था का रिकॉर्ड मुनाफा और कोयला उत्पादन में वृद्धि (2023-24 में 773.63 मिलियन टन) कर्मचारियों को बेहतर बोनस देने का आधार प्रदान करता है।

## 12 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पूरे जिले में अवैध मादक पदार्थ की बिक्री पर कार्यवाही जारी है । कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली कि सुतर्रा रापाखर्रा बाईपास के पास एक व्यक्ति भारी मात्रा में महुआ शराब रखकर अवैध बिक्री कर रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने तत्काल पुलिस टीम गठित कर मौके पर रवाना किया। पुलिस टीम को देखते ही शराब खरीदने पहुंचे लोग मौके से भाग निकले। वहीं एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में सामान के साथ मिला, जिसने पूछताछ में अपना नाम भेलवाटिकरा निवासी माखन सिंह ओटी उम्र 32 वर्ष पिता सरजू सिंह बताया। गवाहों की मौजूदगी में तलाशी के दौरान एक सफेद प्लास्टिक बोरी में रखा 10 लीटर महुआ शराब से भरा सफेद प्लास्टिक जरीकेन, 2 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक बोतल में भरा 2 लीटर महुआ शराब, कुल 12 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी पर आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध के न्यायलय भेज दिया गया।

**उरगा पुलिस ने जप्त किया 6.5 लीटर महुआ शराब**

उरगा थाना प्रभारी को मुखबीर से सूचना मिली कि एक महिला पीले रंग के झोला में अवैध रूप से हाथ भट्ठी निर्मित कच्ची महुआ शराब लेकर पैदल सत्यम चौक की ओर जा रही है जिसकी सूचना पर ग्राम जर्वे मौके पर जाकर घेरा बंदी कर छापामार की कार्यवाही किया गया जो मौके पर एक महिला अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रखी हुई मिला जिसके नाम पता पूछने पर अपना नाम ग्राम जर्वे सत्यम चौक थाना उरगा निवासी दरस बाई उम्र 56 वर्ष पति स्वं माधो लाल साण्ड़े बतायी। जिसके पास कब्जे से 6.5 लीटर कच्ची महुआ शराब मिला जिसे जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

## युद्धस्तर पर शुरू हुआ क्षतिग्रस्त गेरसा बांध की मरम्मत का कार्य

**अम्बिकापुर।** ग्राम गेरसा में शनिवार को टूटे सिंचाई बांध की मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अधिकारी युद्धस्तर पर क्षतिग्रस्त बांध की मरम्मत करा रहे हैं। दो दिन के मरम्मत के बाद बांध का बहाव बंद हो गया है। अधिकारी तीन दिनों के भीतर क्षतिग्रस्त बांध की मरम्मत का कार्य पूरा कर लेने का दावा कर रहे हैं। शनिवार को सुबह ग्राम गेरसा स्थित बांध अचानक फूट गया तथा तेज रफ्तार से बांध का पानी बहने लगा। दिन होने के कारण इसकी सूचना मिलते ही विभाग के अधिकारी तत्काल घटना स्थल पर पहुंच गए तथा पानी का बहाव रोकने के साथ ही बांध की सुरक्षा में जुअ गए। शनिवार को बांध से बह रहे पानी को रोकने में सफलता नहीं मिली तो रविवार को पोकलेन, जेसीबी, दो हाईवा एवं 6 ट्रैक्टर को लगाकर पानी का बहाव रोका गया। विभाग द्वारा दूसरी जगह से मिट्टी मंगाकर बांध की मरम्मत की जा रही है। हादसे से बांध का 8 मीटर हिस्सा बह गया है वहीं पानी के तेज बहाव से बांध के किनारे बड़ा गड्ढा बन गया था।

# गेवरा पेंड्रा रेल कॉरिडोर के लिए डंप की गई राखड़ से धान की फसल बर्बाद


इस तरह किसानों के खेतों में घूसा राखड़युक्त पानी।


निर्माणाधीन स्थल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा पेंड्रा रेल मार्ग के लिए बिछाई जा रही रेल पटरी और निर्माण कार्य के लिए आसपास के क्षेत्र में पिछले एक साल के दौरान बड़े पैमाने पर राखड़ डंप किया गया है। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण बेतरतीब तरीके से डाली गई राखड़ खेतों में समाहित हो गई। खेतों में राखड़युक्त पानी के समाहित होने से कई किसानों की धान की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई।

**खास बात**

- किसानों को लाखों का नुकसान कलेक्टर से करेंगे शिकायत

उल्लेखनीय है कि गेवरा स्टेशन से कुछ दूर ग्राम भैरोताल और कुचेना के सीमा पर पिछले एक साल से रेल पथ निर्माण कंपनी का कार्य चल रहा है। यहां पर समतलीकरण करने के लिए बिजली सयंत्रों से निकली राखड़ का उपयोग कर गड्ढों और खेतों में भराव किया गया है, जो गर्मी के दिन में उड़कर आसपास के रिहायशी इलाके को प्रदूषित कर रहा था। कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण राखड़ बहकर कई एकड़ क्षेत्र में लगे धान के फसल को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है, जिससे किसानों की माथे पर चिंता की लकीरें आ गई है। एनटीपीसी दीपका रेल लाइन के किनारे बांकी कुसमुंडा सड़क मार्ग के बीच घिरे कई एकड़ खेत में इन दिनों धान की फसलें लगाई गई है, जो राखड़ के पट जाने से बर्बाद हो चुका है। बावजूद इसके क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि, शासन प्रशासन के अधिकारी किसी ने भी सुध नहीं ली है। आवारा मवेशियों से फसल की सुरक्षा के लिए किसानों ने फेंसिंग पर हजारों रूपये खर्च किए हैं, लेकिन खेतों में राखड़ पटाव हो जाने से सारी उम्मीद भी खत्म हो गया है। ऊर्जाधानी भूविस्थापित संगठन ने किसानों की समस्या के निराकरण के लिए जिला प्रशासन और राज्य सरकार की निंदा की है। संगठन के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने कहा कि कलेक्टर से इस बाबत शिकायत किया जाएगा और उच्च न्यायालय में प्रकरण दर्ज कराई जाएगी। इसके बाद भी न्याय नहीं मिला तो जरूरत पड़ने पर सड़क पर आंदोलन किया जाएगा।

**भूमि अर्जन में गलत मुआवजा निर्धारण**

बांकीमोंगरा, कुसमुंडा को कोरबा से जोड़ने के लिए सड़क निर्माण किया जा रहा है, जिसमे भैरोताल और कुचेना के एक दर्जन से अधिक किसानों की जमीन प्रभावित हो रही है। खेतों के बीचोंबीच सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जिसके कारण किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा। यही नहीं भूमि अर्जन के लिए भू अर्जन 2013 अधिनियम के अनुसार निगम क्षेत्र होने के कारण बाजार भाव का दुगना दर से मुआवजा दिया जाना चाहिए, किंतु मुआवजा निर्धारण में नियमो का पालन नहीं किए जाने के कारण किसानों को लाखों रुपये का नुकसान होगा। केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड के गाइड लाइन के अनुसार निगम क्षेत्र में 52 डिसमिल से कम जमीन होने पर वर्ग फिट के हिसाब से मुआवजा तैयार किया जाना था, किंतु राजस्व विभाग ने डिसमिल दर से मुआवजा का निर्धारण किया है।

# डेढ़ दर्जन से अधिक किसानों की फसलों को हाथियों ने किया बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

कटघोरा वनमंडल के केंदई व एतमानगर रेंज में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। शनिवार की रात 26 हाथियों का दल केंदई रेंज के ग्राम फुलसर व रोदे गांव के 17 से अधिक किसानों के धान की फसल को नुकसान कर दिया है। वहीं रातभर ग्रामीण रतजग्गा करते रहे। हाथियों का दल एक के बाद एक खेत के फसल को रौंदते हुए नुकसान पहुंचाया है। प्रभावित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गया है। हाथियों द्वारा क्षेत्र में लगातार उत्पात मचाए जाने तथा फसलों को रौंदे जाने से ग्रामीण परेशान हैं। उन्हें न तो वन विभाग ही राहत दिया पा रहा है और न ही जिला प्रशासन। वन्य प्राणियों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने पर वन विभाग की ओर से मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है लेकिन यह मुआवजा इतना कम होता है कि ग्रामीणों को हुए नुकसान की तुलना में काफी कम और ऊंट के मुंह में जीरा के समान होता है। ग्रामीणों द्वारा मुआवजा राशि बढ़ाए जाने की मांग लगातार की जा रही है, लेकिन सरकार उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रही है, जिससे उनमें गहरा आक्रोश है। उधर एतमानगर रेंज के हरमोर, आमाटिकरा तथा मड़ई क्षेत्र में भी 26 हाथी सक्रिय हैं। हाथियों ने इन स्थानों पर भी फसलों को नुकसान पहुंचाया है, जिसका आंकलन जारी है।

### दो बाइक में भिड़ंत एक युवक की मौत

**कोरबा।** पाली-चैतुरगढ़ मुख्य मार्ग पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार तीन युवकों में से एक युवक बनबांधा निवासी अन्नू सिंह पिता सहदेव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पाली पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भिजवा दिया। अन्य दो युवकों के घायल होने की भी आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर तेज रफ्तार हादसों का कारण बन रही है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

देर शाम को निहारिका क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति हो गई थी ठप

# बारिश बंद होते ही उमस भरी गर्मी, अस्पतालों मे बढ़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बारिश थमते ही एक बार फिर से उमश भरी गर्मी ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। रविवार की सुबह से ही तेज धूप निकली हुई थी। जिसकी वजह से लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा तो वहीं दूसरी ओर देर शाम को निहारिका क्षेत्र में अंधेरा छाया हुआ था। जिसकी वजह से उमश भरी गर्मी से लोग हलाकान रहे।

उल्लेखनीय है कि पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के बाद एक बार बारिश फिर से थम गया है। बारिश थमते ही रविवार की सुबह से तेज धूप निकली हुई थी और तेज धूप की वजह से रविवार की सुबह से ही लोग उमश भरी गर्मी से परेशान रहे। उमश भरी गर्मी की वजह से लगातार तेज चिल्लाती धूप लोगों को परेशान करती रही तो वहीं दूसरी ओर देर शाम होती ही निहारिका क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई थी और पूरे निहारिका क्षेत्र के डॉ राजेंद्र प्रसाद नगर, एमपी नगर, शिवाजी नगर, रविशंकर नगर सहित आसपास पूरे क्षेत्र में अंधेरा छाया हुआ था। बताया जाता है तकनीकी खामी आने की वजह से इस क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। जब विद्युत विभाग के अधिकारियों को सूचना मिली तो विभाग के अधिकारी व उनकी टीम मौके पर पहुंची और व्यवस्था को किसी तरह दुरुस्त किया। इस दौरान लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**फिर बढ़ेगा बीमारी का प्रकोप**

बारिश थमते ही उमश भरी गर्मी शुरू हो गई है और पिछले दो दिनों से लगातार उमश की वजह से लोग परेशान हो रहे हैं। उमश के साथ ही मौसमी बीमारी अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि शहर के निजी व शासकीय अस्पतालों में मौसमी बीमारी की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। खासतौर पर सर्दी बुखार की चपेट में सबसे ज्यादा लोग हैं तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ लोगों को डायरिया का भी प्रकोप है।

